परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 02-06-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा सिद्धार्थनगर के अम्बेडकर सभागार में यूनिसेफ द्वारा आयोजित बहू-बेटी सम्मेलन के तहत आयोजित कार्यशाला मे किया गया प्रतिभाग।**
- **पुलिस कर्मियों को महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 02.06.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर श्री शिवशरणप्पा जीएन. व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के साथ विकास भवन सिद्धार्थनगर के अम्बेडकर सभागार में यूनिसेफ द्वारा आयोजित बहू-बेटी सम्मेलन के तहत एक दिवसीय जिलास्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लैंगिक आधारित हिंसा एवं अन्य सामाजिक जोखिमों से संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने,ऐसे मामलों में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को समुचित सहायता एवं सुरक्षा प्रदान करने, साथ ही महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बरो एवं अन्य सुरक्षा तंत्रो/हेल्पलाइन नंबरो का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा नियमित रूप से जनसंवाद एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर संवेदनशील मामलों का प्रभावी निस्तारण कर समाज में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण बनाने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की प्रेरणा से प्रारंभ की गई इस पहल में सहयोग प्रदान करने हेतु यूनिसेफ एवं दिशा संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन में उनके योगदान की सराहना की।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीगण, समस्त मिशन शक्ति प्रभारी सहित युनिसेफ व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती